बुरी नियत का वबाल

संपादक- मौलाना जलील अहसन नदवी रह.

राहे अमल हिन्दी.

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहिम

हुजूरﷺ को ये फरमाते हुवे सुना के कयामत के दिन सबसे पेहले एक ऐसे शख्स के खिलाफ फैसला सुनाया जायेगा जिसने शहादत पायी होगी, उसे अल्लाह की अदालत मे हाजीर किया जायेगा, फिर अल्लाह उसे अपनी सब नेमते याद दिलायेगा, और उसे वो सब नेमते याद आ जायेगी, तब अल्लाह पूछेगा की तूने मेरी नेमते पाकर क्या काम किये? वो कहेगा मेने तेरी खुशी के लिये तेरे दीन से लडने वालो के खिलाफ जंग की, यहा तक की मेने अपनी जान दे दी, अल्लाह उससे कहेगा तूने ये बात गलत कही की तूने मेरे लिये जंग की, तूने सिर्फ इसलिये जंग की और बहादुरी दिखायी कि लोग तुझे बहादुर कहे, तो दुनिया मे तुझे उसका बदला मिल गया, फिर हूंक्म होगा कि इस शहीद मर्द को मुंह के बल घसीटते हुवे ले जावो, और जहन्नम मे डाल दो, चुनाचे उसे जहन्नम मे डाल दिया जायेगा.

फिर दुसरा शख्स को अल्लाह की अदालत मे पेश किया जायेगा,

जो इल्मे दीन सिखने वाला होगा, अल्लाह उसे अपनी सब नेमते याद दिलायेगा, और उसे वो सब नेमते याद आ जायेगी, तो उससे कहेगा उन नेमते पाकर क्या कर्म किये? वो कहेगा अल्लाह मे ने तेरे लिये दीन सिखा और तेर लिये दुसरो को इसकी तालीम दी और तेरे लिये कुरान पढा, अल्लाह कहेगा तूने झूठ कहा तूने तो इसलिये इल्म सीखा था कि लोग तुझे आलिम कहे, और कुरान इस गरज से तूने पढा था कि ली लोग तुझे कुरान का जानने वाला कहे, तो तुझे दुनिया मे उसका बदला मिल गया, फिर हुकम होगा कि इसको चेहरे के बल घसीटते ले जावो, और जहन्नम मे फेक दो, चुनाचे उसे घसीटते हुवे ले जाकर जहन्नम मे फेक दिया जायेगा.

और तीसरा आदमी वो होगा जिसको अल्लाह ने दुनिया मे कुशादगी बख्शी थी, और हर किसम की दौलत दे रखी थी, ऐसे शख्स को अल्लाह के सामने हाजीर किया जायेगा, और वो उसे अपनी सब नेमते बतायेगा और वो सब नेमतो को जान लेगा और मान लेगा कि हा ये सब नेमते उसे दी गयी थी, तब उसे उसका रब पूछेगा, तू ने मेरी नेमते पाकर तूने क्या काम किये? वो जवाब मे

कहेगा कि जहा जहा खर्च करना तूझे पसन्द था, वहा वहा मे ने तेरी खुशी हासिल करने के लिये खर्च किया, अल्लाह फरमायेगा झूठ कहा, तूने ये सारा माल इसलिये लुटाया था कि लोग तुझे दानवीर कहे, तो ये लकब दुनिया मे तुझे मिल गया, फिर हूंक्म होगा कि इसको चेहरे के बल घसीटते हुवे ले जावो और आग मे डाल दो, चुनाचे उसे ले जाकर आग मे डाल दिया जायेगा. (मुस्लिम, अबू हुरैरा रदी, खुलासा)